# बुलंद राजस्थान
DIGITAL EDITION

वर्ष : 3 डिजिटल अंक : 152 बीकानेर, 7 अप्रैल 2026, मंगलवार Bulandrajasthan2023@gmail.com


# माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने प्रवेशोत्सव अभियान का किया औचक निरीक्षण

## >> लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही करने की निर्देश

बुलंद राजस्थान

**बीकानेर।** माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने मंगलवार को जिले के लूणकरनसर ब्लॉक के विभिन्न राजकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रवेशोत्सव कार्यक्रम अभियान की समीक्षा की। इसमें विद्यालयों में शैक्षिक वातावरण निर्माण एवं शैक्षिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेशोत्सव सघन अभियान के लिए जारी विभागीय दिशा-निर्देशों की अनुपालना विद्यालयों द्वारा प्रभावी ढंग से किए जाने का फीडबैक लिया गया। विद्यालयों मे विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं अध्यापन कार्य के बारे मे जाना। जाट ने बताया कि इस वर्ष प्रवेशोत्सव हेतु सर्वे कार्य समस्त विद्यालयों में चार चरणों में करवाये जाने के निर्देश थे। जिसका प्रथम चरण 27 मार्च एवं द्वितीय चरण 7 अप्रैल से निर्धारित था। निदेशक द्वारा राउमावि बामनवाली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान



विद्यालय में कोई भी विद्यार्थी उपस्थित नहीं पाया गया। संस्था प्रधान द्वारा वर्तमान तक केवल पांच नव प्रवेश होने की जानकारी दी गई, आंगनबाड़ी से विद्यालय में प्रवेश योग्य विद्यार्थियों का प्रवेश नहीं करवाया गया एवं प्राचार्य द्वारा प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की कार्य योजना प्रस्तुत नहीं की गई। इससे यह स्पष्ट हुआ है कि प्राचार्य राउमावि बामनवाली द्वारा प्रवेशोत्सव के कार्यक्रम में गंभीर लापवाही एवं उदासीनता बरती जा रही है, अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण एवं उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य नहीं किए जाने एवं राज्य सरकार के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में गंभीर लापरवाही बरते जाने के कारण प्राचार्य राउमावि बामनवाली को निलंबित करते हुए इनके विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा (वगीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 16 के तहत कार्यवाही के प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए गए।

इसके पश्चात निदेशक द्वारा राउमावि धीरेरा गांव का निरीक्षण किया गया, जिसमें विद्यालय में उपस्थित ग्रामीण जनों, अभिभावकों एवं विद्यालय स्टाफ के साथ चर्चा कर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की समीक्षा की एवं अभिभावकों तथा ग्रामीणा से बालक-बालिकाओं को राजकीय विद्यालय में प्रवेश कराने की अपील की गई। इस विद्यालय में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम से संबंधित व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। तत्पश्चात् निदेशक द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हंसेरा का अवलोकन किया गया। विद्यालय के कुल 16 कार्मिकों में से केवल 9 कार्मिक ही उपस्थित पाए गए। अध्यापिका रजनी बाला अध्यापक ले-2 (अंग्रेजी) एवं विद्यालय सहायक गिरधारी लाल मूंड बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इस कारण इनको तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए गए। कार्यवाहक प्राचार्य द्वारा प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की कार्य योजना तैयार नहीं की गई और इनके द्वारा सघन प्रवेशात्सव अभियान की कोई मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है। इनके द्वारा वर्तमान तक प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के तहत् नव प्रवेश कराने हेतु कोई प्रगति भी प्रस्तुत नहीं की गई। आंगनबाड़ी से राजकीय विद्यालय में प्रवेश योग्य 9 बालकों को अभी तक राजकीय विद्यालयों में अस्थायी प्रवेश भी नहीं दिलवाया गया। कार्यवाहक प्राचार्य, राउमावि हंसेरा के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा (वगीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 16 में कार्यवाही के निर्देश दिये गये। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक/माध्यमिक किशन दान चारण साथ रहे।

## 'क्लिक करने से पहले सोचो'

# बीकानेर के न्यायिक अधिकारियों ने स्कूलों में शुरू किया साइबर सुरक्षा का 'महा-अभियान'




बुलंद राजस्थान

**बीकानेर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (राल्सा) के निर्देशानुसार आज "Transformative Tuesday" के अभियान के तहत पूरे प्रदेश सहित बीकानेर जिले में स्कूली बच्चों को डिजिटल खतरों से बचाने के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान का आगाज किया गया। जिला एवं सेशन न्यायाधीश अश्विनी विज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में जिले व तालुका के सभी न्यायिक अधिकारियों ने विभिन्न स्कूलों में जाकर 'क्लिक करने से पहले सोचो' : ऑनलाइन सुरक्षित रहो, इंटरनेट सब याद रखता है' विषय पर कार्यशालाएँ आयोजित की। बीकानेर के जिला एवं सेशन न्यायाधीश अश्विनी विज ने बीकानेर बॉयज़ स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर किया व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्रीमती मांडवी राजवी ने रेयान इंटरनेशनल स्कूल तथा कैंब्रिज कॉन्वेंट में शिविर किया उन्होंने विद्यार्थियों को चेताया कि बढते साइबर अपराधों से बचने का एकमात्र तरीका 'सतर्कता' है।

प्रदेश स्तर पर शुरू की गई इस अनूठी पहल के तहत स्कूलों में एक बॉक्स रखा गया है, जिसमें बच्चे अपनी समस्याएँ, छेड़छाड़ या साइबर बुलिंग से जुड़ी शिकायतें बिना डरे लिखकर डाल सकें। इन शिकायतों का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा सीधे समाधान किया जाएगा। राल्सा द्वारा एक विशेष साइबर यूनिट का गठन किया गया है। विद्यार्थी या उनके अभिभावक किसी भी साइबर अपराध की शिकायत हेल्पलाइन नंबर : 15100 / 1930 / 1098 नंबरों पर कर सकते हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश मांडवी राजवी ने बताया कि इंटरनेट पर किया गया हर 'क्लिक' अपना एक डिजिटल पदचिह्न छोड़ता है। साइबर बुलिंग, मॉर्फिंग और अनचाही साइट्स के खतरों के प्रति बच्चों में जागरूकता का एक 'सुरक्षा कवच' प्रदान करना ही हमारा लक्ष्य है।

# जीतो द्वारा 'विश्व नवकार महामंत्र दिवस' का भव्य आयोजन 9 अप्रैल को

## >> जिला कलेक्टर द्वारा किया गया पोस्टर विमोचन



बुलंद राजस्थान

**बीकानेर।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) द्वारा एक ऐतिहासिक एवं वैश्विक आध्यात्मिक आयोजन 'विश्व नवकार महामंत्र दिवस' इस वर्ष 9 अप्रैल 2026 को तेरापंथ भवन, गंगाशहर में प्रातः 8:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस भव्य कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन जिला कलेक्टर निशांत जैन द्वारा जीतो टीम के साथ किया गया। उन्होंने इस अद्वितीय आध्यात्मिक पहल के लिए जैन समाज व जीतो को शुभकामनाएं दीं। जीतो के चेयरमैन जयचन्द लाल डागा ने जिला कलेक्टर को कार्यक्रम में आने हेतु आमंत्रित करते हुए बताया कि वर्ष 2025 में इस आयोजन का शुभारंभ विज्ञान भवन, नई दिल्ली में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में हुआ था। उस अवसर पर 108 से अधिक देशों में एक साथ, एक ही समय पर सामूहिक नवकार महामंत्र जाप कर विश्व में सकारात्मकता, प्रेम एवं शांति का संदेश प्रसारित किया गया था। इस वर्ष भी यह आयोजन विश्व शांति, अहिंसा एवं आध्यात्मिक जागृति के उद्देश्य से वैश्विक स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। जीतो के सेक्रेटरी पुनेश मुसरफ ने बताया कि यह कार्यक्रम केवल जैन समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि सम्पूर्ण विश्व में भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों के प्रसार का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने का आह्वान किया। जीतो यूथ विंग के चेयरमैन दर्शन जैन सांड ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में भाग लेने के लिए श्रद्धालु navkardivas. jitoworld.org पर पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने सभी से अग्रिम रजिस्ट्रेशन करने का आग्रह करते हुए युवा वर्ग से विशेष अपील की कि करुणा, शांति एवं सद्भाव के संदेश को सशक्त बनाने हेतु अधिक से अधिक युवा इस कार्यक्रम का हिस्सा बनें। इस अवसर पर जैन समाज के अनेक गणमान्य सदस्य जिला कलेक्टर कार्यालय में उपस्थित रहे, जिनमें मुख्यतः जैन महासभा अध्यक्ष कन्हैया बोथरा, चम्पक मल जी सुराणा, इंद्रमल सुराणा, भाजपा नेता मोहन सुराणा, संजय सांड जीतो सदस्य सोहन लाल बैद, रिद्धकरण सेठीया, महेन्द्र सुराणा, कुणाल कोचर, विपुल कोठारी, अभिषेक कोचर, मनीष बोथरा, शामिल थे। साथ ही पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा को भी कार्यक्रम हेतु आमंत्रित किया गया तथा उनके द्वारा भी पोस्टर विमोचन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की।

# विवाह समारोह हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में दो तथा शहरी क्षेत्र में तीन वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति हो सुनिश्चित - खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री

## >> पीएनजी कनेक्शनों का प्राथमिकता से किया जाए विस्तार

बुलंद राजस्थान

**जयपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय भवन में राज्य में घरेलू एवं वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था तथा पीएनजी कनेक्शनों के विस्तार पर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के उच्चाधिकारी एवं ऑयल गैस मार्केटिंग कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में राज्यभर में एलपीजी गैस आपूर्ति की स्थिति, वितरण प्रणाली और पीएनजी विस्तार पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में राजस्थान में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सुचारु बनी हुई है तथा गैर घरेलू क्षेत्रों में भी मांग के अनुरूप आपूर्ति लगातार बढ़ रही है। बैठक में तेल एवं गैस कंपनियों के अधिकारियों ने जानकारी दी कि वर्तमान में गैस सिलेंडर की औसत डिलीवरी अवधि 4.5 दिन के भीतर सुनिश्चित की जा रही है। गोदारा ने आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विवाह समारोहों के लिए एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह समारोह के लिए 19 किलोग्राम के दो वाणिज्यिक गैस सिलेंडर तथा शहरी क्षेत्रों में विवाह समारोह के लिए 19 किलोग्राम के तीन वाणिज्यिक गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं, जिससे लोगों को वैकल्पिक ईंधन की समस्या का सामना न करना पड़े। वाणिज्यिक सिलेंडर प्राप्त करने के लिए विवाह के कार्ड को सलंग्न कर संबंधित डीएसओ को आवेदन करना होगा। आवेदन प्राप्त करने के उपरांत डीएसओ द्वारा क्षेत्र की गैस एजेंसी से संपर्क कर वाणिज्यिक सिलेंडरों की व्यवस्था करवाई जाएगी।

बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के शासन सचिव अम्बरीष कुमार ने कहा कि प्रदेश में पीएनजी विस्तार की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### पीएनजी कनेक्शनों का हो प्राथमिकता से विस्तार

समीक्षा बैठक में पाइप्ड नेचुरल गैस (PNG) कनेक्शनों के विस्तार पर भी विशेष जोर दिया गया। गोदारा ने संबंधित अधिकारियों एवं गैस आपूर्ति कंपनियों को निर्देशित किया कि वे प्रभावी रूप से कार्य करते हुए नए पाइपलाइन बिछाने, नए पीएनजी कनेक्शन देने तथा आमजन और उद्योगों के बीच पीएनजी के लाभों के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाने का कार्य करें।

**बिना ईकेवाईसी के सिलेंडर आपूर्ति नहीं** – समीक्षा बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बिना ई–केवाईसी के किसी भी उपभोक्ता को एलपीजी गैस सिलेंडर की डिलीवरी नहीं की जाए, ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो और पात्र व्यक्तियों को ही लाभ मिल सके। साथ ही समीक्षा बैठक में गोदारा ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवगठित नगरपालिकाओं को ग्रामीण क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाए, क्योंकि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडर बुकिंग अवधि के बीच अंतराल होता है।

## बीकानेर रेल मंडल अकारण चेन पुलिंग करने वालों पर सख्त

# 182 मामलें दर्ज, 157 गिरफ्तार, 112200 रूपये वसूला जुर्माना

बुलंद राजस्थान

**बीकानेर।** बीकानेर रेल मंडल द्वारा ट्रेनों में अकारण (बेवजह) चेन पुलिंग करने वाले यात्रियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है। मंडल पर ट्रेनों के समयपालन एवं यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 (01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के दौरान रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त विशेष अभियान के तहत कुल 182 मामले दर्ज किए गए। इन मामलों में 157 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा उनसे 1,12,200 रूपये का जुर्माना वसूला गया है, शेष 25 मामले विचाराधीन हैं। मंडल रेल प्रबंधक गौरव गोविल ने बताया कि बिना कारण चेन पुलिंग करने से ट्रेनों का संचालन प्रभावित होता है, जिससे अन्य यात्रियों को असुविधा होती है और रेलवे की समयबद्धता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंडल पर सतत निगरानी एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे रेलवे नियमों का पालन करें।

# गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग : 27 अप्रेल को संत समाज व गौसेवक होंगे एकजुट, रतनबिहारी पार्क से कलक्ट्रेट तक निकलेगी रैली

बुलंद राजस्थान

**बीकानेर।** देशभर में 27 अप्रेल 2026 को गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत सरकार को ज्ञापन दिया जाएगा। उक्त अभियान के तहत मंगलवार को गंगाशहर के सुजानदेसर स्थित रामझरोखा कैलाशधाम में संत समाज, गौभक्तों एवं तहसील स्तर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को महंत चन्द्रमादास महाराज एवं रामझरोखा कैलाशधाम के पीठाधीश्वर सरजूदास महाराज ने मुख्य रूप से संबोधित किया। इस दौरान महंत शंकरपुरी महाराज (नवलपुरी), महंत




आकाशानंद महाराज (गोलरी), महंत अमरीश पुरी महाराज (लालगुफा) एवं महंत देवेंद्रनाथ महाराज सहित कई संत मौजूद रहे। महंत चन्द्रमादास महाराज ने तेजी से घटती गायों की संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि गौ-वंश की रक्षा नहीं की गई तो यह समाज और संस्कृति दोनों के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा कि गौ-रक्षा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है, जिसके लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। महामंडलेश्वर सरजूदास महाराज ने बताया कि 27 अप्रैल को बीकानेर जिले की सभी तहसीलों में गौभक्त एकत्रित होकर तहसीलदारों को ज्ञापन सौंपेंगे। इसी क्रम में बीकानेर एवं आसपास के क्षेत्रों के लोग 27 अप्रैल को सुबह 10 बजे रतनबिहारी पार्क में एकत्रित होंगे तथा संकीर्तन करते हुए रैली के रूप में कलेक्ट्रेट तक पहुंचकर 11 बजे ज्ञापन सौंपा जाएगा। कार्यशाला का संचालन रविंद्र हर्ष एवं ज्योतिप्रकाश रंगा ने किया। इस दौरान गो सम्मान आह्वान अभियान रथ को भी भगवा ध्वज दिखा कर रवाना किया गया।

# बीकानेर शहर की ज्वलंत जनसमस्याओं को लेकर शहर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

## >> अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सौंपा विस्तृत ज्ञापन

बुलंद राजस्थान

**बीकानेर।** शहर में लगातार बढ़ती समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर शहर कांग्रेस ने आमजन की आवाज उठाते हुए बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल की अगुवाई में मंगलवार को कांग्रेस नेताओं ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश यादव को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में



घरेलू गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत, नहर बंदी के चलते उत्पन्न पेयजल संकट, अघोषित बिजली कटौती से आमजन को हो रही परेशानियां, शहर की जर्जर एवं बदहाल सड़कों की स्थिति तथा विभिन्न स्थानों पर स्थापित महापुरुषों की मूर्तियों के रखरखाव में हो रही लापरवाही जैसे अहम मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि इन समस्याओं के कारण शहरवासियों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है और प्रशासन द्वारा समय रहते उचित कदम नहीं उठाए जाने से लोगों में भारी रोष व्याप्त है। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीकानेर दौरे के दौरान की गई बैरिकेटिंग पर भी तंज कसते हुए कहा कि दौरे के समय गड्ढों को अस्थायी रूप से ढक दिया गया, लेकिन स्थायी समाधान नहीं किया गया। उन्होंने शहर की समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग करते हुए जल्द कार्रवाई की अपील की। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इन सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, अन्यथा कांग्रेस पार्टी जनआंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष सुमित कोचर, राहुल जादुसंगत, शहजाद भुट्टो, आनंद सिंह सोडा, उमा सुथार, अनिल व्यास, डॉ. पी.के. सरीन, फिरोज भाटी, शहर महिला अध्यक्ष शशिकला राठौड़, एजाज पठान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्री ब्राह्मण स्वर्णकार स्वर्ण सुगंधा महिला समिति की हुनर हाट प्रदर्शनी के बैनर का विमोचन

बुलंद राजस्थान

**बीकानेर।** श्री ब्राह्मण स्वर्णकार स्वर्ण सुगंधा महिला समिति की हुनर हाट प्रदर्शनी के बैनर का लोकार्पण श्री ब्राह्मण स्वर्णकार तीन गवाड़ पंचायती भवन ट्रस्ट में रखा



गया। इस कार्यक्रम में श्री ब्राह्मण स्वर्णकार पंचायती भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी के सदस्यों सहित, श्री ब्राह्मण स्वर्णकार पेंशनर्स सोसायटी के अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी के सदस्यों सहित, श्री ब्राह्मण स्वर्णकार विकास समिति के अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी सहित, गायक पवन प्यारे, साहित्यकार राजाराम स्वर्णकार, समाजसेवी रामेश्वर बाडमेरा साधक और समस्त स्टॉल होल्डरों की उपस्थिति में हूनर हाट प्रदर्शनी के बैनर का लोकार्पण किया गया। समिति की अध्यक्ष विमला सोनी मंडोरा ने प्रदर्शनी की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं के सशक्तिकरण के रूप मे यह हूनर हाट प्रदर्शनी एक बड़ा कदम है। इसमे सर्व समाज की महिलाऐं भी शामिल है। संस्था सचिव अनिता सोनी ने बताया कि दिनांक 10, 11 एवं 12 अप्रेल से यह मेला सुबह ग्यारह बजे से रात आठ बजे तक समाजभवन में आयोजित किया गया है। संस्था की कोषाध्यक्ष कंचन सोनी ने हाट प्रदर्शनी में उपलब्ध सामान की जानकारी दी। जिसमें हस्तशिल्प के उत्पाद एवं खाने-पीने के उत्पाद, अक्षय तृतीया को ध्यान में रखते हुए हाथ से कूटे हुए खीच आदि सभी सामान एक ही छत के नीचे मिलेंगे। संस्था की संस्थापक अध्यक्ष मनीषा आर्य सोनी ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# एनआरसीसी के निदेशक के एक वर्ष पूर्ण होने पर होमगार्ड जवानों ने दी शुभकामनाएं



बुलंद राजस्थान

**बीकानेर।** एनआरसीसी के निदेशक के एनआरसीसी में एक वर्ष पूर्ण होने पर होमगार्ड जवानों द्वारा निदेशक को शुभकामनाएं दी एवं मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर निदेशक ने सभी जवानों को धन्यवाद दिया एवं सभी जवानों के ड्यूटी के प्रति जागरूकता एवं वफादारी की प्रशंसा की। उन्होंने जवानों से कहा कि आप द्वारा अपने पोइंट की खेरियत रिपोर्ट भेजना, अपने पोइंट पर मुस्तैदी से ड्यूटी करना और आफिस बंद होने के बाद में सुरक्षा की जिम्मेदारी आप सभी द्वारा ईमानदारी से संभालते जो प्रशंसनीय है।

# लायंस क्लब बीकानेर मल्टी विजन की साधारण सभा में नए पदाधिकारियों का निर्वाचन

बुलंद राजस्थान

**बीकानेर।** लायंस क्लब बीकानेर मल्टी विजन की साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन अरुण जैन ने की। इस दौरान आगामी लॉजिस्टिक सत्र के लिए क्लब के नए पदाधिकारियों का निर्वाचन संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी लायन शशांक सक्सेना ने चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराते हुए परिणामों की घोषणा की। चुनाव के परिणामस्वरूप लायन नीरज कुमार भटनागर को क्लब का अध्यक्ष, लायन डॉ. सुचित्रा कश्यप को सचिव तथा लायन चंद्रकांता सोनी को कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष लायन नीरज कुमार भटनागर ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्लब के माध्यम से समाज सेवा



की गतिविधियों को और अधिक सक्रिय बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्लब के तत्वावधान में प्रत्येक माह सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे, जिनमें जरूरतमंद लोगों की सहायता, स्वास्थ्य शिविर और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम शामिल होंगे। बैठक में क्लब की आगामी योजनाओं और सामाजिक गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर क्लब के कई सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें लायन विजय शर्मा, लायन प्रमोद बहादुर सक्सेना, लायन अंजू जैन सहित अन्य सदस्य शामिल थे। सभी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए क्लब की गतिविधियों को आगे बढ़ाने में सहयोग का आश्वासन दिया।




● नोट :- बुलंद राजस्थान के डिजिटल एडिशन में प्रकाशित किसी भी सामग्री से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। फिर भी किसी भी वाद-विवाद की स्थिति में तमाम न्याय क्षेत्र बीकानेर, राजस्थान होगा।

# बुलंद राजस्थान

DIGITAL EDITION

वर्ष : 3 डिजिटल अंक : 152 बीकानेर, 7 अप्रैल 2026, मंगलवार Bulandrajasthan2023@gmail.com


# 10 वर्षों के संघर्ष की कहानी बना दिव्यांग सेवा संस्थान का स्थापना दिवस







बुलंद राजस्थान

**बीकानेर।** दिव्यांग सेवा संस्थान, बीकानेर का 10वाँ स्थापना दिवस भावुक, प्रेरणादायक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा रहे। विशिष्ट अतिथियों में जिला उद्योग संघ अध्यक्ष डी.पी. पचीसिया, सीए सोहन लाल बैद, श्याम सुंदर सोनी, भाजपा नेता मोहन सुराणा, चंपालाल डागा, देवकिशन पेड़ीवाल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल, प्राचार्य संगीता टांक, विजय कुमार बालके (माइंस मैनेजर, बरसिंगसर लिग्नाइट माइंस), अशोक कुमावत, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी आनंद स्वामी, शेखर श्रीमाली, सुनील पुरोहित, मेघराज बोथरा, वीरा सरिता बोथरा, संतोष, निवर्तमान पार्षद सरला, कविता यादव, कविता शर्मा, भुवनेश यादव, नीलम जोशी, अर्चना सक्सेना, अलका पारीक, डॉ. शैफाली दाधीच, डॉ. अरुण टेगड़िया, सेवानिवृत्त आईआरएस पन्नालाल चंदल, रतन जीनगर, दिनेश जनागल, रोहिताश, देहात भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम पंचारिया, नारायमराम बारूपाल, भगवानराम गंढेर, किशन कांटिया, डॉ. शाहनाज़ चंदाद, डॉ. रामलाल परिहार, अंबाराम इंणखिया, कन्हैयालाल भाटी, अभिशेष, डॉ. अंजु मनोचिकित्सक, डॉ. कालूराम परिहार, गोरीशंकर जनागल, निवर्तमान पार्षद भंवरलाल साहू, धर्मपाल चौहान, जुगल हटीला, डॉ. गोविंद ओझा, विजय कोचर, कामिनी भोजक, पिंकी जोशी, राजेंद्र एवं पुष्पा परिहार, सुरेश बांदड़ा (तहसीलदार), भूराराम, परमाराम कूकना, मांगीलाल आयच, भंवर खजोडा, रामचंद्र बारूपाल, एडवोकेट बजरंग छिपा भूराराम इंणखिया, निर्मल बरड़िया, रश्मि कल्ला, मधु जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन आरजे मयूर एवं डॉ. अमित पुरोहित द्वारा किया गया। संस्थान संचालक जेठाराम ने अपने संबोधन में 10 वर्षों के संघर्षपूर्ण सफर को साझा करते हुए बताया कि वर्ष 2016 में 3-5 बच्चों से शुरू हुआ यह प्रयास आज सैकड़ों बच्चों के जीवन में बदलाव ला रहा है। उन्होंने कहा कि प्रारंभ में संसाधनों के अभाव के बावजूद समाज के सहयोग से यह कारवां आगे बढ़ता गया। उन्होंने बताया कि संस्थान में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ प्रशिक्षण, पुनर्वास एवं रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, जिससे कई बच्चे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार का सहारा बन रहे हैं और खेल के क्षेत्र में भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। कार्यक्रम में संस्थान की प्रमुख आवश्यकता स्थायी जमीन एवं भवन – को रखा गया, जिस पर जिला उद्योग संघ अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने आश्वस्त किया कि इस कार्य को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। इस प्रस्ताव का समर्थन मोहन सुराणा, चंपालाल डागा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी किया। कार्यक्रम में रामस्वरूप कूकना द्वारा भोजन की व्यवस्था की गई तथा पत्रकार रोशन बाफना का विशेष सहयोग रहा। संस्थान के स्टाफ पूजा बारूपाल, रिद्धिमान बारूपाल, चेतना बारूपाल, तीर्थराज बारूपाल, परिना मैडम, राजेश कुमार, रोहित कुमार, मनीष कुमार, अनिल चौहान, भूपेंद्र कुमार, सुमन शर्मा, सौरभ एवं एडवोकेट महेंद्र बारूपाल का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम ने समाज में यह संदेश दिया कि सच्ची सेवा, संघर्ष और सामूहिक सहयोग से दिव्यांग बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

# निजीकरण के विरोध में एकजुट हुए विद्युत अधिकारी एवं कर्मचारी



बुलंद राजस्थान

**फलोदी (अशोक कुमार मेघवाल)।** जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डिस्कॉम) फलोदी के सहायक अभियंताओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को डिस्कॉम में निजीकरण के खिलाफ ज्ञापन सौंपा गया। जोधपुर डिस्कॉम में निजीकरण की प्रस्तावित प्रक्रिया के चलते प्रदेश के विद्युत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं लाखों उपभोक्ताओं में असंतोष पनप रहा है। जोधपुर डिस्कॉम संयुक्त संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण जनहित एवं राज्यहित के विरुद्ध है। उड़ीसा में निजीकरण का परिणाम देश ने देखा है, चक्रवर्ती तूफान जैसे भीषण आपदा के समय निजी कंपनियां अपना लाभ सुरक्षित कर मैदान छोड़कर भाग गई थी। सरकारी तंत्र एवं कर्मचारी कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर विद्युत व्यवस्था बहाल की थी। राजस्थान के विफल मॉडल कोटा, बीकानेर एवं भरतपुर शहरों में निजी कंपनियां फ्रेंचाइजी के समझौते की शर्तो का उल्लंघन किया है, इंफ्रास्ट्रक्चर एवं सरकारी भवनों का पूरा लाभ उठाने के बाद भी उन्होंने 33 प्रतिशत स्टॉफ को वापस डिस्कॉम पर थोप दिया है। डिस्कॉम का घाटा प्रबंधन की देन है ना कि कर्मचारियों की, वित्तिय घाटा दोषपूर्ण नीतिगत निर्णय अत्यधिक आउटसोर्सिंग एवं अनावश्यक ठेका प्रथा का परिणाम है। कर्मचारियों ने अपनी निष्ठा से घाटे को 34 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत तक लाकर दिखाया है, जिसके चलते जोधपुर डिस्कॉम ने वर्ष-2023 में अपनी स्थिति में सुधार करके मुनाफे में रहा है। उसके बावजूद जोधपुर डिस्कॉम का निजीकरण किया जा रहा है, जो हरगिज उचित नही है। फलोदी में सहायक अभियंता फलोदी शहर, ग्रामीण, प्रोटेक्शन, विजिलेंस, स्टोर, एम. एंड पी. एवं अधिशासी अभियंता फलोदी को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर जोधपुर डिस्कॉम श्रमिक संघ के अध्यक्ष करणसिंह राजपुरोहित, फिरोज खान, हनुमान खिलेरी, नेताराम, इमरताराम मेघवाल, कनिष्ठ अभियंता अरविंद पंवार, नारायण परिहार, अमरसिंह, गुड्डा मीणा, सीमा यादव, सुशीला, अनिल शर्मा, मांगीलाल, भगवानसिंह, रामनारायण सिंह, विनोद थानवी, विजय शर्मा, मनोज थानवी, बुद्धाराम, हरीश वर्मा, सुनील विश्नोई, चिराग भार्गव, बाबूलाल, हरदीप सिंह, रोहित वर्मा, डालचंद, सुग्रीव, यादराम, ओमप्रकाश, वासुदेव मेघवाल, देवीसिंह, महेंद्र, महिपाल एवं देवीलाल आदि उपस्थित रहे। राजपुरोहित ने बताया कि 15 अप्रैल को अधीक्षण अभियंता कार्यालय के आगे धरना देकर ज्ञापन दिया जाएगा।

विकास अधिकारी परिहार ने ग्राम पंचायतों का किया औचक निरीक्षण

# ग्राम पंचायत कार्यालयों के ताले लटके मिले, विडिओ व कनिष्ठ सहायक मिले अनुपस्थित

## कार्यालय परिसर व सार्वजनिक स्थलो पर गंदगी व कचरे के ढेर



बुलंद राजस्थान

**बाप/गणपत लाल।** उपखंड क्षेत्र की पंचायत समिति घंटियाली के विकास अधिकारी सुनिता परिहार ने मंगलवार को ग्राम पंचायत कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। विकास अधिकारी परिहार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान गांवों की साफ-सफाई की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। ग्राम पंचायत छित्तरबेरा, पड़ियाल, घंटियाली कार्यालय पर दोपहर 2 बजे तक ताले लटके मिले। कार्यालय परिसर में गंदगी तथा सार्वजनिक स्थलो पर कचरे के ढेर मिले। ग्राम पंचायत छित्तरबेरा व पड़ियाल में ग्राम विकास अधिकारी एवं कनिष्ठ सहायक अनुपस्थित पाए गए। विकास अधिकारी द्वारा अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्यवाही के आदेश जारी किए गए है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत में प्राप्त होने वाले टाइड फंड में से पचास प्रतिशत राशि अनिवार्य रूप से ग्राम पंचायत की साफ-सफाई, घर-घर कचरा संग्रहण सार्वजनिक एवं राजकीय शौचालय, सड़को, नालियों एवं सार्वजनिक स्थलो से कचरा हटाने एवं साफ-सफाई के लिए विभाग के निर्देश है। इसके बावजूद ग्राम पंचायत साफ-सफाई पर ध्यान नही दे रही है। समय-समय पर औचक निरीक्षण कर गांवो की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएगी। लापरवाही बरतने वाली ग्राम पंचायत के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# विद्यालय में चिड़ियों के लिए मिट्टी के घोंसले लगाये



बुलंद राजस्थान

**फलोदी (अशोक कुमार मेघवाल)।** जिला मुख्यालय की निकटवर्ती ग्राम पंचायत बावड़ी कलां में स्थित राउमावि बावड़ी कलां में पेड़ो की बहुतायत एवं अनुकूल वातावरण के चलते पक्षियों की अनेक प्रजातियों के साथ घरेलू चिड़ियां रहने लगी है। इस माह में घरेलू चिड़ियों का प्रजनन काल होने के कारण कक्षा कक्ष के रोशनदान एवं अन्य कोनो में घोसलें बनाती है। इससे तिनके लाती चिड़ियां छत-पंखों से टकराकर चोटिल हो जाती है एवं चूजों को भी नुकसान पहुंचता है। इन घटनाओं से विद्यार्थियों के बाल-मन को ठेस पहुंचती है। प्रधानाचार्य तेजपुरी गोस्वामी ने बताया कि विद्यालय के सुझाव रजिस्टर में चिड़ियों की सुरक्षा हेतु सुझाव प्राप्त हुए। चिड़ियों की सुरक्षा एवं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में जीव-दया के भाव को स्थापित करने हेतु मंगलवार को शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर विद्यालय के बरामदों एवं टीन शेड के नीचे मिट्टी के घोंसले लगाये गये। इस सेवा कार्य में शिक्षक किशनसिंह, मोतीलाल, चैनसिंह, दानाराम, रमेशसिंह, बंशीराम, राहुल, मनोज, ज्योति, सपना, शंकरलाल, शक्तिसिंह, टीकमसिंह एवं हिमांशु वैष्णव आदि ने सहयोग किया।

# लोहावट पुलिस ने 1.359 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम का दूध बरामद किया

बुलंद राजस्थान

**फलोदी (अशोक कुमार मेघवाल)।** पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह आईपीएस ने बताया कि फलोदी जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त माफियाओं के विरूद्ध प्रभावी कानूनी कार्यवाही हेतु चल रहे विशेष अभियान के तहत एएसपी फलोदी बृजराजसिंह चारण एवं सीओ लोहावट नगेंद्र कुमार के सुपरविजन में लोहावट थानाधिकारी हरिसिंह राजपुरोहित मय टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 1.359 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम का दूध बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी के अनुसार लोहावट थानाधिकारी हरिसिंह राजपुरोहित मय टीम द्वारा खास मुखबीर की सूचना पर सरहद छीला में अवैध अफीम दूध सप्लायर के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए फरार आरोपी सेठूराम पुत्र पुत्र आईदानराम पालीवाल निवासी छीला के घर के पास बने पशुओं के बाड़े में से 1.359 किलोग्राम अवैध अफीम का दूध बरामद कर अवैध अफीम दूध सप्लायर के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है, फरार आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस टीम में थानाधिकारी लोहावट हरिसिंह राजपुरोहित, एएसआई देवाराम, हैड कांस्टेबल मनोहरलाल, देवीसिंह, चम्पाराम, जोगाराम, रामबाबू, मोहनलाल, मदनलाल, सोहनराम, मदनलाल, संजय, श्रीमती बेबी एवं मोना कंवर शामिल थे।

# कांग्रेस की बैठक में भाजपा सरकार की नीतियों पर गरजे कांग्रेस नेता

बुलंद राजस्थान

**फलोदी (अशोक कुमार मेघवाल)।** जिले के लोहावट उपखंड मुख्यालय पर स्थित ईशरवाल गार्डन में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लोहावट के तत्वाधान में संगठन बढाओ-लोकतंत्र बचाओ बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए लोहावट के पूर्व विधायक किसनाराम बिश्नोई एवं फलोदी कांग्रेस जिलाध्यक्ष सलीम नागौरी ने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर राज्य सरकार प्रदेश में पंचायतीराज एवं स्थानीय निकायों के चुनाव नही करवाकर लोकतंत्र का अपमान कर रही है। कांग्रेस पार्टी इसका मजबूती से विरोध करते हुए जन आंदोलन करेगी। इस अवसर पर बीसीसी लोहावट अध्यक्ष पुखराज मेघवाल, कानसिंह राठौड़, गिरधारीराम मेघवाल, शांति बिश्नोई, बंशीलाल चौहान, हुकमाराम गोदारा, गणेश कांवा, सरपंच पाबूराम सियाग, हजारीराम मांजू, श्रवण रामनगर, लीलाधर पालीवाल, राधेश्याम छीपा, नवलाराम, भूराराम अजाणी, भजनराम ईशरवाल, रविंद्र बिश्नोई, पपूराम कड़वासरा, राहुल मेघवाल, जगदीश ढाका, छम्मुराम गोदारा, बाबूराम ईशरवाल, मूलाराम, मनोहरराम, अशोक, जगदीश, दिनेश, राजू, हरीश, ओम मोरिया, जयप्रकाश, भीखाराम महेश गायणा, भूराराम फौजी, भीखाराम फौजी, सुशील ढाका, बादर राव, बाबूराम जाखड़, ओमप्रकाश ढाका, ठाकराराम मेघवाल एवं भैराराम ईशरवाल आदि उपस्थित रहे।



# द होप एकेडमी, भरतपुर में 'प्रतिभा सम्मान समारोह 2026' का भव्य आयोजन




बुलंद राजस्थान

**भरतपुर।** विजयनगर, हीरादास स्थित द होप एकेडमी द्वारा शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस वर्ष एकेडमी ने 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर सफलता की एक नई मिसाल कायम की है। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि के रूप धर्म सिंह (अध्यक्ष-जिला जाटव महासभा), फूल सिंह फौजी (पूर्व पार्षद), डॉ हेमन्त बंशीवाल (अध्यक्ष-बंशीवाल मानव सेवा समिति), डॉ राहुल देव कुरका (अध्यक्ष-रानिश जन सेवा फाउंडेशन) और अतिथियों का माला और फेंटा पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। उसके बाद सभी मेधावी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, साफा बांधकर और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए हीरादास, विजय नगर, जसवंत नगर,बरसो नगला के क्षेत्र में एक विशाल रैली निकाली गई। रैली का जगह-जगह पुष्प वर्षा और जलपान के साथ जोरदार स्वागत हुआ। एकेडमी के डायरेक्टर जलसिंह और स्टाफ द्वारा अतिथियों व अभिभावकों का आदर-सत्कार किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर जलसिंह कदम, प्रिंसिपल राखी कदम सहित समस्त स्टाफ गोविंद वर्मा, पुष्पेंद्र पेटवाल, सत्यवीर, बलवीर सिंह सोगरवार, नरेंद्र सैनी, सोनु सिंह, दीपेश, खुशबू, संतोषी, आकाश और भूपेंद्र एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा विभाग की लापरवाही : तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा किए गए सर्वे के बाद मामलें को ठंडे बस्ते में डाला

बुलंद राजस्थान

**फलोदी (अशोक कुमार मेघवाल)।** प्रदेश के झालावाड़ जिले के पिपलोद में पिछ्ले दिनों हुई बारिश के दौरान जर्जर छत गिरने से स्कूली बच्चों की दर्दनाक मौत के बाद सरकार ने प्रदेश के सभी जर्जर सरकारी स्कूलों के कक्षा कक्षों का सर्वे करवाकर मरम्मत कार्य करवाने की बात कही थी। इस घटना के बाद सर्वे टीमों का गठन कर सरकारी विद्यालयों के भवनों का सर्वे करवाया गया था। इस रिपोर्ट में जो भवन मरम्मत योग्य पाए गए थे, उनके लिए दोबारा तकनीकी विशेषज्ञों की टीम बनाकर भवनों का सर्वे करवाकर तकमीना तैयार करवाया गया, लेकिन अभी तक उस पर अमल नही किया गया है। विद्यालय की मरमत या नये भवन की जो उम्मीद की किरण दिखाई दी थी, वो अब ठंडे बस्ते में डाल दी गई है। राजस्थान पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ फलोदी के ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद हैदर एवं वरिष्ठ शिक्षक नेता रेवतलाल मेघवाल ने बताया कि सर्वे के दौरान जर्जर भवनों का सीमांकन कर उनमें विद्यार्थियों को नही बैठाने के साथ पूर्णतः बंद रखना है, परन्तु यह कोई स्थायी समाधान नही हुआ। विद्यार्थियों के नामांकन के अनुपात में सुरक्षित कक्षा कक्ष नही होंगे तो विपरीत मौसम में विद्यार्थियों को बैठाना संभव नही होगा। विगत कुछ वर्षों में जनता की मांग पर सरकारों द्वारा प्राथमिक विद्यालयों को उच्च प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक को उच्च माध्यमिक विद्यालयों में क्रमोन्नत तो कर दिया गया है, वहां के विद्यार्थियों का नामांकन विद्यालय स्तरानुसार कर दिया है, जबकि वहां भवन वही पुराना है जो प्राथमिक या उच्च प्राथमिक स्तर के लिए ही उपयुक्त है। विभाग के पास पूर्व में बरसात के मौसम के वक्त विभिन्न स्तरों पर सर्वे, तकनीकी टीमो द्वारा भवन सुरक्षा सर्वे करवाकर सूचना ली गई थी। अब नया सत्र शुरू होते ही राजस्थान हाइकोर्ट के दखलअंदाजी से विद्यालय के संस्था प्रधानों से भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र मांगना गलत है। इसकी जांच करवाने के बाद बजट आवंटन नही हुआ है, जिसकी वजह से इन असुरक्षित भवनों में विद्यार्थियों को नही बैठाया जा रहा है। इसका असर यह देखने को मिल रहा है कि कई विद्यालयों में विद्यार्थियों को बैठाने के लिए पर्याप्त कक्षा कक्ष भी उपलब्ध नही है। जर्जर एवं मरम्मत योग्य भवनों एवं छपरो में बैठने विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त बजट जारी कर विद्यार्थी हितार्थ कदम उठाए जाने चाहिए।

## फलोदी जिले में सरकारी विद्यालयों का आंकड़ा

| ब्लॉक का नाम | विद्यालयों की संख्या |
|---|---|
| आऊ | 115 |
| बाप | 227 |
| बापिणी | 107 |
| देचू | 170 |
| घंटियाली | 176 |
| लोहावट | 218 |
| नाचना | 49 |
| फलोदी | 177 |

कुल विद्यालयों की संख्या- 1239

| ब्लॉक | सुरक्षित भवन | असुरक्षित भवन |
|---|---|---|
| फलोदी | 160 | 17 |
| आऊ | 107 | 04 |
| बाप | 244 | 32 |
| बापिणी | 93 | 12 |
| देचू | 156 | 12 |
| घंटियाली | 140 | 30 |
| लोहावट | 205 | 09 |

राउप्रावि मनचितिया का किया औचक निरीक्षण

# सहायक निदेशक कांडपाल ने सर्वे की सराहना करते हुए दिए निर्देश



बुलंद राजस्थान

**बाप/गणपत लाल।** शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल की शुरुआत से नवाचार शुरू किया है। विभाग द्वारा नामांकन वृद्धि को लेकर चलाए जा रहे प्रवेशोत्सव अभियान के तहत विद्यालयों द्वारा डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है और मॉनिटरिंग सक्षम स्तर के अधिकारियों द्वारा की जा रही है। राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) के ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रपाल शाहपीनी ने बताया कि मंगलवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मनचितिया का सर्वे अभियान एवं सहायक निदेशक नीरज कांडपाल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कांडपाल ने स्टाफ द्वारा नामांकन के लिए किए जा रहे सर्वे कार्य की सराहना की तथा हौसला अफजाई कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तन्मयता से किए गए प्रयास विभाग को निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने में निश्चित रूप से सहायक सिद्ध होगें। इस दौरान संस्था प्रधान परबत सिंह, शिक्षक ओमप्रकाश, गीता, नीतूबाला(शा. शि.), कर्मजीत कौर, मनजिंद्र कौर, विनीता, रामकिशन आदि उपस्थित रहे।

# साइबर सुरक्षा पर जागरूकता सत्र थिंक बिफोर यू क्लिक - डॉ अमित कड़वासरा



बुलंद राजस्थान

**बीकानेर।** श्री जैन पब्लिक स्कूल में 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडेज' के अंतर्गत साइबर सुरक्षा विषय पर कानूनी साक्षरता, संवेदनशीलता जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। पेन इण्डिया मोमेंट के तहत राजस्थान के 1400 न्यायाधीश अधिकारियों द्वारा 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा से संबंधित जागरूक करने का उद्देश्य रखा गया है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ. अमित कुमार कड़वासरा, सहायक अतिथिगण, शालाध्यक्ष विजय कुमार कोचर, प्रधानाचार्या रूपश्री सिपानी एवं व्यवस्थापक विश्वजीत गौड़ द्वारा दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं नवकार महामंत्र से की गई। शाला परिवार की ओर से मुख्य अतिथि एवं वक्ता का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत, सत्कार किया गया। सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. अमित कुमार कड़वासरा (विशेष सत्र न्यायाधीश, एसीडी, बीकानेर) ने कक्षा 8 से 12वीं तक के विद्यार्थियों को साइबर अपराधों,ऑनलाइन सुरक्षा, उपायों और कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल युग में सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के महत्व पर जोर देते हुए apk files, अंजान लिंक, स्टाकिंग, बुलिंग, हैकिंग से बचने, निजता, पारिवरिक तथा बैंक से सम्बंधित जानकारी को किसी से भी साझा न करने की विशेष हिदायत दी। साइबर फ्रॉड से बचने एवं लीगल सलाह के लिए 15100 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के लिए 1098 जैसे नंबरों को साझा किया। अपने सत्र के समापन में उन्होंने विद्यार्थियों से मौखिक प्रश्नोत्तरी कर साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता के प्रति विद्यार्थियों के रुझान को परखा और विद्यार्थियों ने भी सभी प्रश्नों के उत्तर सटीक एवं विस्तार से दिए। शालाध्यक्ष ने शाला परिवार की ओर से मुख्य वक्ता द्वारा विद्यार्थियों को साइबर संबंधित विशेष जानकारी देने, सुरक्षित उपयोग एवं समस्याओं के समाधान में लीगल सेवाओं के बारे में बताने पर उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्या ने मुख्य वक्ता द्वारा बताए गए स्मार्ट शब्द की व्याख्या को दोहराते हुए साइबर शब्द की व्याख्या अपने शब्दों में की तथा इंटरनेट को घर के दरवाजे की तरह सुरक्षा के रूप में मानते हुए उसे आवश्यकता एवं तथ्यों की सही जानकारी के लिए खोले जाने की मुख्य वक्ता की बात पर सहमति जताते हुए विद्यार्थियों को देर रात्रि तक फोन, मिडिया एवं इंटरनेट से दूरी बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में सहायक अतिथि के रूप में अश्विनी रंगा, उमेश सुथार एवं धीरज व्यास उपस्थित रहे। शाला सचिव सीए माणक कोचर एवं सीईओ सीमा जैन ने वर्तमान परिस्थितियों में उपरोक्त सत्र की प्रासंगिकता एवं आवश्यकता पर मुख्य वक्ता द्वारा विचार साझा करने पर उनका आभार प्रेषित किया।